PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Tue, 30 May 2017, Page 4
Width: 16.48 cms, Height: 33.36 cms, a3, Ref: 19.2017-05-30.50

# तीन दिवसीय मोदी फेस्ट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ । फरीदाबाद

केन्द्र की मोदी सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर देश भर में शुरू किए गए मोदी फेस्ट कार्यक्रम के तहत रविवार को बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंशन हॉल में मोदी फेस्ट की शुरूआत की। मोदी फेस्ट फरीदाबाद में 29 से 31 मई तक चलेगा।

विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे हुए तीन वर्ष की उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन दिवसीय इस फेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस फेस्ट के माध्यम से महत्पूर्ण योजनाओं से जुड़ी जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस मोदी फेस्ट के अंतर्गत सशक्त गांव-खुशहाल गरीब, ईमानदार और भरोसेमंद सरकार, ब्रांड इण्डिया, बड़े फैसले-कड़े फैसले, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री कौशल विकास, प्रधानमंत्री उज्वला, प्रधानमंत्री जन-धन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सयाल हेल्थ कार्ड, खुशहाल गरीब सुविधा करीब जैसे विषय व योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है

फरीदाबाद। सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंशन हाल में आयोजित मोदी फेस्ट कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते विधायक मूलचंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, टेकचंद शर्मा, चेयरमैन अजय गौड़।

विधायक शर्मा ने इस संबंध में आम जन का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन जनता से जुड़ी योजनाओं को विभिन्न रूपों मे पहुंचाने में सहायक है।

उल्लेखनीय है कि इस मोदी फेस्ट में लक्की ड्रा, सेल्फी विद मोदी, टोल फ्री नम्बर पर मन की बात, नमो एप जैसे विषय मोदी फेस्ट में आने वाले लोगों को खूब लुभा रहे हैं इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, भाजपा जिला प्रधान गोपाल शर्मा, चैयरमेन अजय गौड़, विधायक टेकचंद शर्मा, दीप भाटिया, वरष्ठि उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, सोहन पाल सिंह, देवेंद्र भड़ाना, मदन पुजारा सहित अनेको गणमान्य लोग उपस्थित थे।